कार्यालय नगरपालिका मण्डल नीमकाथाना (सीकर)
बैठक कार्यवाही विवरण

आज दिनांक 15.01.2016 को प्रातः 11.00 बजे से नीमकाथाना नगरपालिका मण्डल की अत्यावश्यक बैठक अध्यक्ष श्री त्रिलोक दीवान की अध्यक्षता में प्रारम्भ की गयी। जिसमें निम्नानुसार सदस्यगण उपस्थित रहे :–

1	माननीय श्रीमान् त्रिलोक दीवान	अध्यक्ष
2	‘’ ‘’ राजेन्द्र कुमार	उपाध्यक्ष
3	‘’ श्रीमति विधा	सदस्या
4	‘’ श्रीमान् महेन्द्र	सदस्य
5	‘’ श्रीमती कमला	सदस्या
6	‘’ ‘’ अणची	सदस्या
7	‘’ श्रीमान् हीमेश कुमार	सदस्य
8	‘’ ‘’ रतन	‘’
9	‘’ श्रीमती सन्तोष	सदस्या
10	‘’ श्रीमान् जयप्रकाश	सदस्य
11	‘’ ‘’ रूड़मल	‘’
12	‘’ ‘’ लेखराज	‘’
13	‘’ श्रीमती अंजू देवी	सदस्या
14	‘’ श्रीमान् रमेश	सदस्य
15	‘’ ‘’ जयचन्द	‘’
16	‘’ ‘’ छगनलाल	‘’
17	‘’ ‘’ बाबूलाल	‘’
18	‘’ ‘’ शम्भूदयाल	‘’
19	‘’ श्रीमती विद्या	सदस्या
20	‘’ श्रीमान् गिगाराम	सदस्य
21	‘’ श्रीमति तीजा देवी	सदस्या
22	‘’ श्रीमान् गिरधारी	सदस्य
23	‘’ श्रीमती मोनू	सदस्या

गणपूर्ति पश्चात बैठक आरम्भ की गयी। सर्वप्रथम अध्यक्ष महोदय द्वारा सदन में उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत किया जाकर मकरसक्रान्ति त्यौंहार की बधाई दी। तत्पश्चात् बैठक कार्यवाही प्रारम्भ की गई। जो निम्नानुसार रहीः–

<u>प्र. सं. 1:–</u> माननीय न्यायालय अपर जिला न्यायाधीश महोदय, नीमकाथाना में दायर वाद बाबत रेल्वे बुगदा के पास व अन्य स्थानों पर भरने वाले पानी की निकासी से संबंधित प्रकरण में गत मण्डल बैठक में बनायी गयी समिति की रिर्पोट पर विचार।

अध्यक्ष महोदय द्वारा सदन के समक्ष दिनांक 23.12.2015 को आयोजित मण्डल बैठक में वेस्ट वाटर रिसाईक्लिंग व डिस्पोजल प्लांट के संबंध में प्लान्ट लगाये जाने हेतु जमीन की उपलब्धता के संबंध में रिर्पोट/प्रपोजल उपलब्ध कराने हेतु गठित की गयी समिति द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट पढकर सुनाई गई। साथ ही समिति द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के क्रम में श्री किशोरीलाल पुत्र श्री ग्यारसीलाल कुमावत, वार्ड नं. 09, नीमकाथाना द्वारा समिति द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट।

तत्पश्चात् सदन में उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा समिति की रिर्पोट व श्री किशोरीलाल द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र का अवलोकन किया जाकर गहनता से विचार विमर्श कर सर्वसम्मति से निम्न निर्णय लिये गये :–

1. रेल्वे बुगदा के पास जो पानी सड़क पर भरा हुआ है, उसको तात्कालीक उपाय के लिए पम्प सैट लगाकर आसपास खाली भूखण्डों में छोड़ा जावे।

2. उक्त समस्या के स्थाई समाधान हेतु भराव क्षेत्र के पास ही स्थित भूखण्ड खसरा नंबर 413 रकबा 0.17 हैक्टेयर, खसरा नंबर 405 रकबा 0.11 हैक्टेयर कुल रकबा 0.28 हैक्टेयर पालिका के पक्ष में अधिग्रहित करने के लिए राज्य सरकार को प्रस्ताव भेजा जावे तथा उक्त स्थल पर वेस्ट वाटर ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित किया जावे। जिसके लिए राज्य सरकार से भी आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने हेतु निवेदन किया जावे।
3. मोदी मील के पास जिस खातेदारी कृषि भूमि में अभी तक पानी जाता रहा है व भरता रहा है तथा जिसे नीमकाथाना के मास्टर प्लान में भी उक्त स्थल को जलभराव क्षेत्र घोषित किया हुआ है। उक्त स्थल के भी खसरा नंबरान आदि प्राप्त कर 1 हैक्टेयर भूमि अधिग्रहित करने के लिए राज्य सरकार को प्रस्ताव भेजा जावे तथा उक्त स्थल पर वेस्ट वाटर ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित किया जावे। जिसके लिए राज्य सरकार से भी आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने हेतु निवेदन किया जावे।
4. मोदी मील के पास तात्कालीक उपाय के लिए श्रीमान् उपखण्ड अधिकारी महो. को पत्र लिखकर उक्त भूमि में पानी डलवाने की व्यवस्था किये जाने के लिए पत्र लिखा जावे।
5. पालिका के कर्मचारी जब पानी निकालने की तात्कालीक व्यवस्था के लिए जाते हैं, तो उनसे मौका स्थल पर दुर्व्यवहार के लिए प्रशासनिक व पुलिस अधिकारीयों को प्रभावी कार्यवाही करने हेतु पत्र लिखा जावे तथा पूर्व में अधिशाषी अधिकारी द्वारा पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज करने हेतु भेजी गयी रिर्पोट पर पुलिस थाने द्वारा प्राथमिकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गयी, इस संबंध में उच्च अधिकारियों को लिखा जावे।
6. राज्य सरकार से भूमि अधिग्रहण के प्रस्ताव भिजवाते समय उक्त स्थल पर समस्या की गंभीरता से पूर्णतया अवगत कराया जाकर प्रकरण पर शीघ्रता से कार्यवाही करने हेतु निवेदन किया जावे। अन्यथा नगरपालिका क्षेत्र में महामारी फैलने का खतरा बढ जावेगा, जिसकी जिम्मेदारी नगरपालिका की नहीं होगी।
7. श्री किशोरीलाल कुमावत द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र को जनहित को मध्यनजर रखते हुये खारिज किया जाता है।

तत्पश्चात् अध्यक्ष महोदय द्वारा सधन्यवाद बैठक कार्यवाही समाप्ति की घोषणा की गई।

एस.डी./–
अध्यक्ष
नगरपालिका नीमकाथाना।

एस.डी./–
अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका नीमकाथाना

क्रमांकःन0पा0नीम0/2015–16/ दिनांकः

प्रतिलिपिः–

1. श्रीमान् उपशासन सचिव महोदय, स्वायत्त शासन विभाग, राज0 जयपुर।
2. श्रीमान् जिला कलेक्टर महोदय, सीकर।
3. श्रीमान् उपनिदेशक(क्षेत्रीय)महोदय, स्थानीय निकाय विभाग, राज0 जयपुर।
4. श्रीमान् उपखण्ड अधिकारी महोदय, नीमकाथाना।
5. माननीय श्री प्रेमसिंह बाजोर, विधायक महोदय, नीमकाथाना।
6. श्रीमान् अध्यक्ष महोदय, नगरपालिका नीमकाथाना।
7. श्रीमान् उपाध्यक्ष महोदय, नगरपालिका नीमकाथाना।
8. श्रीमान् वार्ड पार्षद श्री/श्रीमती..
9. समस्त शाखा प्रभारी को पालनार्थ।
10. गार्ड पत्रावली।

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका नीमकाथाना